हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023



04 गांव में शराब पीकर उत्पात मचाया तो खैर नहीं, अब…



07 पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, पकड़ाएं …



### डबल फाटक से लेकर बंगाली कॉलोनी तक घूमा नगरीय प्रशासन

## सरकार के फरमान पर एक्शन में प्रशासन खुले में बिक रहे मांस की दुकानें हटवाई

नई सरकार के गठन के नए फरमान के बाद गुरूवार को नगर पालिका का अमला खुले में बिगने वाली मांस मछली की दुकानों को बंद करवाने पहुंचा। इस दौरान पूरा बाजार बंद करवाया गया। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि अब बिना रजिस्ट्रेशन के मांस मछली की दुकाने शहर में चिहिंत स्थानों के अलावा कहीं नहीं चलेगी। इसके पहले नगर पालिका की टीम डबल फाटक व हरियाली चौक के पास लगने वाली मांस मटन की दुकान पर भी पहुंची थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




प्रदेश में नई सरकार के नए फरमान, खुले में मांस अथवा मछली के विक्रय पर रोक लगाने के आदेश पर नगरीय प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। गुरूवार की शाम नगरीय प्रशासन और अमला नर्मदापुरम के बंगाली कालोनी ब्रिज के नीचे बाजार क्षेत्र में पहुंचा और खुले में मांस काटने बेंचने वाले व्यापारियों की दुकाने बंद करवाकर सख्त हिदायत दी। गौरतलब है कि नर्मदापुरम को पिछली सरकार ने पवित्र नगरी घोषित किया था। जिसके तहत पहले ही उक्त कार्रवाई होनी थी, लेकिन अब तक शहर में खुले में ही उक्त व्यवसाय चल रहा था। अब नई सरकार के नए फरमान पर नगरीय प्रशासन एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। गुरूवार को बंगाली कालोनी के अलावा हरियाली चौक और शहर में खुले में अन्य स्थानों पर संचालित होने वाली दुकानों पर कार्रवाई की गई।



### चेतावनी देकर बंद करवाई गई दुकाने

गुरूवार को सीएमओ नवनीत पांडे की अगुवाई में नगर पालिका का अमला शहर के अन्य स्थानों पर घूमा और दुकानें बंद करवाई। वहीं शाम को बंगाली कालोनी पहुंचा और मांस मछली की दुकाने बंद करवाई जिसका विरोध दुकानदारों द्वारा किया गया लेकिन सीएमओ ने सख्त लहजे में उन्हें हिदायत दी कि अब मांस मछली की दुकानें उसी स्थान पर लगाई जाएगी जिस स्थान को नगर पालिका तय करेगी। इसके अलावा यह व्यवसाय करने के लिए दुकानदार को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

## जनता न सिंगल यूज पॉलीथिन समझ रही है और न समझ रही है माइक्रोन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर लोगों में जागरूकता का अभाव देखने को मिल रहा है। लोगों को न तो सिंगल यूज प्लास्टिक समझ में आ रहा है और न ही माइक्रोन की गाइडलाइन से वह वाकिफ है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि शहर में धड़ल्ले से अमानक पॉलीथिन का कारोबार चल रहा है और इसकी बिक्री भी खुलेआम हो रही है। कभी कभार प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीम मंडीदीप से औचक निरीक्षण कर जिला मुख्यालय पहुंचती है। उसी दिन नगर पालिका का अमला भी सक्रिय होकर सिंगल यूज पॉलीथिन पर कार्रवाई करता है। इसके अलावा अन्य दिन न ही पॉलीथिन की बात की जाती है न ही इसके प्रतिबंध के कोइ उपाय होते हैं।

### दुकानदारों की रहती है साठ-गांठ

जिला मुख्यालय पर अमानक पॉलीथिन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। क्योंकि इस कारोबार में पहचान व विश्वास एक महत्वपूर्ण पहलू बन कर उभरता है। पॉलीथिन के थोक विक्रेता अमानक पॉलीथिन का विक्रय उन्हीं लोगों व दुकानदारों को करते हैं जिन से वह पूरी तरह परिचित होते हैं। जो कोई भी समस्या होने पर तत्काल उन्हें सूचना दे दे। तभी तो हर छोटी बड़ी दुकान पर धड़ल्ले से पॉलीथिन का उपयोग किया जाता है। आम ग्राहकों के हाथ में कपड़े का थैला न होकर पॉलीथिन का थैला देखने को मिलता है।

## 20 किलो पॉलीथिन जब्त कर एक हजार का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद इस पर अमल नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि कई दुकानदार अभी भी अमानक पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को नगर पालिका के अमले ने कार्रवाई करते हुए बाजार की 8 दुकानों को चेक किया। इन सभी के पास पॉलीथिन मिली जिसे जब्त कर लिया गया।

नगर पालिका सीएमओ के निर्देश पर दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। नगर पालिका का अमला सब्जी मंडी, गांधी रोड, मिर्ची बाजार पहुंचा और यहां से कई दुकानों को चेक किया गया। इन दुकानों से 20 किलो पॉलीथिन भी जब्त की गई।इस दौरान स्पाट फाइन किया गया जो एक हजार रुपए का था।



**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई** : नगर पालिका इससे पहले भी इस तरह की मुहिम चला चुकी है लेकिन कुछ दिन तक तो इसका असर दिखाई देता है। बाद में फिर से पॉलीथिन का उपयोग होने लगता है।

### तीसरे मैच में बैतूल ने हरदा को किया पराजित

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि गुरुवार के दिन खेले गए मैच के दूसरे दिन के खेल में बैतूल टीम नेअपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए आज 6 विकेट खो कर 184 रन बनाए।बैतूल टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शिखर देशमुख ने 44 रन, हेमंत नंदा 40 रन तथा तेजस्वी कालभोर 39 रन का योगदान दिया। हरदा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंशराज ने 3 विकेट तथा ध्रुव चौरे 1 विकेट विकेट का योगदान दिया। इस तरह बैतूल ने यह मैच पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत लिया। मैच मे अंपायर कि भूमिका सुनील कलोसिया एवम प्रदीप पंडाग्रे ने निभाई स्कोरिंग की भूमिका गौतम बोरासी ने निभाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बैतूल एवं हरदा के मध्य कल सुबह खेला जाएगा।

## श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता और प्रदर्शनी लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान अग्रणी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, एनसीसी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ.कामिनी जैन के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय की विभिन्न छात्राओं ने सहभागिता की। प्रदर्शनी में एड्स से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों एवं निदान से सम्बंधित स्लोगन, पोस्टर एवं मॉडल का प्रदर्शन किया गया।



पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची चौहान, द्वितीय स्थान पर अनुश्री मालवीय एवं तृतीय स्थान पर दिशी गौतम रहीं। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने, डॉ. नीतू पवार, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ श्रीकांत दुबे, डॉ. दीपक अहिरवार डॉ मनीष चंद्र चौधरी, डॉ आशीष सोहगौरा, डॉ दशरथ मीना, डॉ. कीर्ति दीक्षित, डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. चारू तिवारी, धीरज खातरकर, रफीक अली एवं अंजली पासी, मनीषा कहार आदि मौजूद रही।

## केंद्र-राज्य की प्रमुख विकसित भारत संकल्प यात्रा कल से होगी शुरू

### चार छोटे वाहन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक "विकसित भारत संकल्प यात्रा' आयोजित की जाएगी। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंस में जिले सभी नोडल अधिकारियों, जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देश दिये कि संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। संकल्प यात्रा के संबंध में पॉवर पाइन्ट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि यात्रा के लिये 7 प्रचार वाहन जिले में आयेंगे, जिसमें 3 बड़े वाहन नगरीय क्षेत्र के लिये तथा 4 छोटे वाहन ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीडियो संदेश के प्रसारण के साथ-साथ सरकार की योजनाओं की सफलता की कहानी भी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रसारित की जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं के बारे में नागरिकों को बताया जाएगा। साथ ही योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे। इनमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जाएंगे। साथ ही ऐसे किसान, पशु पालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जाएगी। कैम्प में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा। इस संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर लगाए गए कैम्प में पेंशन योजनाओं के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी की जाएगी।

## राज्य सेवा और राज्य वन सेवा परीक्षा 17 को

### परीक्षा के संचालन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन जिला मुख्यालय पर आगामी 17 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10.30 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से अपरान्ह 4.15 बजे तक दो सत्र में आयोजित होगी। कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए नर्मदापुरम संभाग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शिवनारायण रूपला मोबाईल नंबर 9425147740 को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय प्रेक्षक रूपला के सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### पंचायत के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 उत्तरार्द्ध का निर्वाचन 5 जनवरी 2024 को संपन्न कराया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नर्मदापुरम देवेन्द्र कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदापुरम जिले में स्थित 7 विकासखंडो में सरपंच ग्राम पंचायत के एक रिक्त पद, पंच के रिक्त 138 पद के लिए निर्वाचन की कार्यवाही की जाएगी।

## लापरवाही पर सहायक यंत्री बनखेड़ी की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

### कलेक्टर ने टटोली नल-जल योजना की नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विभागीय स्तर पर तो नल जल योजना लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का काम कर रही है। मगर धरातल पर इसकी स्थिति क्या है यह अधिकारियों तक को मालूम नहीं होता।

क्षेत्रों नल जल योजना का काम तो बहुत तेजी से चल रहा है मगर हकीकत की जानकारी गुरूवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने ली तो उनके सामने सच्चाई कुछ और आई जिस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ ही बनखेड़ी में सहायक यंत्री की दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को सचेत किया कि लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।



### नल-जल योजनाओं के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं

जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजनाओं के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्टोरेट में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई एवं सभी सहायक यंत्रियों पीएचई को दिए। बैठक में कलेक्टर ने घरेलू नल कनेक्शन, निर्माणाधीन नल जल योजनाओं इत्यादि कार्यों की ब्लॉकवार विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने घरेलू नल कनेक्शन सहित अन्य कार्यों में संतोषजनक प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने घरेलू नल कनेक्शन के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सहायक यंत्री बनखेड़ी की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉकवार प्रतिदिन की कार्ययोजना तैयार कर कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाएं।

### गुड सेमेरिटन योजना से लाभांवित हुए पिपरिया के लक्ष्मीनारायण

## घायल को पहुंचाया समय पर अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाने वाले किसी भी नागरिक को गुड सेमेरिटन योजना के तहत 5 हजार रुपए की नगद राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। ऐसा ही योजना से जुड़ा एक मामला नर्मदापुरम जिले में सामने आया। जहां बुजुर्ग ने सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की जान बचाई, जिस पर उसे कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। दरअसल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में शीघ्रता से चिकित्सकीय सहायता पहुंचाने और जान बचाने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा गठित टीम जिसमे अध्यक्ष कलेक्टर के अलावा पुलिस अधीक्षक, परिवहन अधिकारी, मुख्य स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी द्वारा मदद करने वाले व्यक्ति को गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) के तहत 5000 रुपए इनाम के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाता है,



इसी क्रम में तहसील पिपरिया निवासी लक्ष्मीनारायण सोनी द्वारा शोभापुर मार्ग पर सेंट्रल बैंक के सामने वाहन क्रमांक एमपी 05 एमएल 8618 द्वारा आहत जगदीश लोधी पिता बारेलाल लोधी वाहन द्वारा टक्कर मारी गई थी। जिससे जगदीश लोधी को सिर पर गंभीर जानलेवा चोट पहुंची थी, मौके पर पहुंचे लक्ष्मीनारायण सोनी द्वारा जगदीश लोधी को अस्पताल पहुंचाया गया, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण जगदीश लोधी की जान बच पाई। इस सराहनीय कार्य के लिए गुड सेमेरिटन समिति द्वारा लक्ष्मीनारायण सोनी का नाम गुड सेमेरिटन योजना के लिए परिवहन आयुक्त कार्यलय ग्वालियर म.प्र. भेजा गया था, जिसके तहत गुरूवार को कलेक्टर द्वारा लक्ष्मीनारायण सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि सड़क हादसे के दौरान घायलों की मदद करने से लोग कतराते हैं। ऐसे में घायल व्यक्ति की कभी मौत भी जाती है जो उसके परिवार के लिए जीवनभर का दर्द दे जाती है। ऐसे में यह योजना लोगों के जीवन बचाने में सहायक हो रही है।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर एड्स जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा कॉलेज में एड्स पखवाड़े के अंतर्गत गुरूवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके तहत लोगों को एड्स के प्रति जागरूक रहने और एचआईवी संक्रमण से बचाव संबंधी जानकारी दी गईं। संयोजक डॉ यास्मीन खान ने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसी श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर और बैनरों के माध्यम से एच आई वी के कारण और उसके भयावह दुष्परिणामों को अभिनय के रूप में प्रस्तुत किया । उन्होंने बचाव को ही इसका उपचार बताया। नाटक में दिखाया गया कि एच आई वी पाज़िटिव व्यक्ति का खून चढ़ाने, संक्रमित सिरिंज का उपयोग करने




और अनभिज्ञता के कारणों से फैलता है। साथ बैठकर खाने व एक दूसरे को छूने से यह रोग नहीं फैलता। एड्स से परहेज़ करें उसके मरीजों के साथ सहानुभूति रखें। साथ ही समाज में यदि किसी को यह रोग होने का पता चलता है तो डॉक्टर के पास जायें घर परिवार में बताएं छुपायें नहीं। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और नाटक की सराहना की। कुमकुम दुबे, किरण भटनागर, प्रियांबिका जाट, महक राजपूत ,आरती भलावी,बसंती ,अंजना ,रोशनी दायमा, रोशनी उईके ,प्रिया उईके, नीलम धुर्वे ,प्रियंका, सोनिया , दुर्गा, रोशनी, सोनम स्नेहा, सतीश बारस्कर, प्रवेश, गौरव इरपाचे, प्रीत गौर, साहित्य गौर आदि विद्यार्थियों द्वारा नाटक अभिनीत किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता भी संपन्न की गई। कार्यक्रम में डॉ अमिता जोशी,डॉ कमल वाधवा,प्रो जी पी रैकवार,डॉ अंजना यादव,प्रो शिवकांत मौर्य, नितिन वाघमारे, डॉ योगेन्द्र सिंह,डॉ सुनील दिवाकर सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नरम-गरम बना हुआ है मौसम,बदलने की उम्मीद

नर्मदापुरम। मौसम शुष्क होने के साथ ही इन दिनों न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट का दौर चल रहा है। गुरूवार को भी शहर के न्यूनतम तापमान में मामूली सी गिरावट आई। शहर में भले ही दिसंबर की शुरुआत में सर्दी का दौर कमजोर रहा, लेकिन अब मौसम खुलने के साथ ही धीरे-धीरे तापमान में गिरावट होने लगी है और रात में सर्दी बढ़ने लगी है। हवा का रूख परिर्वितत नहीं होने के कारण तेजी से तापमान नहीं गिर रहा है, लेकिन पिछले तीन दिनों से कभी हल्की गिरावट, कभी हल्की बढ़त का दौर चल रहा था। अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की उम्मीद जताई जा रही है। गुरूवार को नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान 28.4 डिसे और न्यूनतम तापमान 14.8 डिसे दर्ज हुआ। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 22 डिसे और न्यूनतम तापमान 8.4 डिसे रिकार्ड किया। शहर में हवा की रफ्तार कम होने से दिन में सर्दी का असर कम हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

## देवी प्रसाद यादव को किया सम्मानित

**भौंरा।** बालक आश्रम शाला पोडार में पदस्थ अधिक्षक देवीप्रसाद यादव को आश्रम शाला के रखरखाव के लिए संभागीय आयुक्त जनजाति कार्य एवं अनुसूचित विकाश नर्मदापुरम जेपी यादव द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि विस्थापित गांव पोडार में संचालित आश्रम शाला को केसला में संचालित किया जा रहा है। जिसमें आदिवासी वर्ग के कक्षा पहली से पांचवी तक के 100 बालक रहकर पढ़ाई कर रहे है बुधवार को जिला स्तरीय बैठक इसी आश्रम शाला में रखी गई थी जिसमें विभाग के सभी अधिकारी शामिल हुए थे। इस अवसर पर आश्रम शाला के रखरखाव के लिए आश्रम शाला के अधिक्षक देवीप्रसाद यादव को सम्मानित किया गया।

## विहिप, ने भजपाली बाबा को सौंपा अयोध्या से आया आमंत्रण

**बैतूल।** शिला की जगह लगा दे प्राण, बिठा दे वहां राम भगवान। सजग हो रघुवर की संतान, ठाठ से कर मंदिर निर्माण जी हां आखिर वह दिन आ गया जिसका पूरे देश के सनातनियों को इंतजार था। अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा संतों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिए जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा मिलानपुर के भजपाली बाबा को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु अयोध्या से आया हुआ आमंत्रण पत्र सौंपा गया। यह वही भजपाली बाबा है, जिन्होंने 21 की आयु में अयोध्या पहुंचकर प्रण लिया था कि जब तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण नहीं होगा तब तक वह विवाह नहीं करेंगे। आज भजपाली बाबा की आयु 52 वर्ष हो गई है। इस दौरान बजरंग दल गौरक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम को लेकर जिले के लोगों में काफी उत्साह है। हमारे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि हमारे जिले के संत को अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया। उन्होंने कहा कि वह दिन जल्द आने हो वाला है, जब 22 जनवरी 2024 को रामलला के मंदिर का उद्घाटन होगा। इस दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए सनातन भक्तों को अयोध्या आने का बुलावा पीले चावल बांटकर दिया जा रहा है।

### फैसला: शराब बिक्री पर 10 हजार, पीने वाले पर लगेगा 5 हजार का जुर्माना

# गांव में शराब पीकर उत्पात मचाया तो खैर नहीं, अब होगी पिटाई...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनपद पंचायत शाहपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खोखरा रैयत 1 व खोखरा मॉल 2 में नशा मुक्ति अभियान के तहत पेसा एक्ट ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में पेसा एक्ट नियम 2022 अंतर्गत शान्ति एवं विवाद निवारण समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से गांव में शराब बिक्री पर 10 हजार आर्थिक दंड, पीने वालों पर 5 हजार एवं शराब पीने वाले की गुप्त रूप से सूचना देने वाले को 1 हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की है। वही ग्राम सभा ने गांव में शराब पीकर उत्पात मचाने वाले शराबी की महिलाओं द्वारा 5- 5 बार चप्पल मारकर पिटाई करने का निर्णय लिया।

शान्ति एवं विवाद निवारण समिति सदस्यों ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए कहा कि नशा विनाश का कारण है। तन मन धन एवं व्यवहार प्रभावित करता है। घरों में विवाद की स्थिति बढ़ जाती है। शराब के नशे में युवा पीढ़ी भी बर्बाद हो रही है। पेसा एक्ट ग्राम सभा ने नशा मुक्ति के लिए प्रस्ताव तैयार कर जुर्माना का प्रावधान किया। ग्राम सभा में उपस्थित समिति के सदस्य व सरपंच यशवंत सिंह धुर्वे द्वारा नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया और नशीलें पदार्थ से होने वाले हानि और बीमारी के बारे में विस्तार से



जानकारी दी गई। इस पूरे अभियान में ग्राम पंचायत खोखरा रैय्यत में पेसा एक्ट शांति निवारण समिति अध्यक्ष मुल्लाजी मरकाम, उपाध्यक्ष जंगलसिंह उईके, सदस्य नौसा बाई वाडिवा, रामरति वटके, सुकडू वाडिवा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। ग्राम पंचायत खोखरारैयत भूतपूर्व सरपंच कल्लू सिंह वाडिवा वर्तमान सरपंच यशवंत सिंह धुर्वे, सचिव चरणसिंह वरकड़े, रोज़गार सहायक कंचन सिंह वाडिवा पेसा मोबिलाइजर राकेश कुमरे, पेसा ब्लॉक समन्वयक अधिकारी लाबूसिंह चिल्हाटे जनपद पंचायत शाहपुर की उपस्थिति में बैठक का समापन किया गया।

### नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बताए शराब के दुष्परिणाम

शराब पीने से शरीर ख़राब होता है जिससे कम समय में ही मृत्यु हो जाती है। शराब पीने से घर पर लड़ाई झगड़े कर महिलाओं के साथ मार पीट करते हैं। आजकल के नव युवा शराब के आदि हो रहें हैं जिससे पढ़ने वाले बच्चों पर गलत असर पड़ता है। शराब पीने के लिए रूपये न होने पर घर का अनाज बर्तन ज़ेवर इत्यादि कम दामों में बेच देते हैं जिसके कारण परिवार में लड़ाई झगड़े होते हैं।

### ग्राम सभा ने दी चेतावनी

ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम सभा के बिना अनुमति के बगैर कोई ठेकेदार अवैध रूप से बिना लाइसेंस के दो पहिया या चार पहिया वाहन से देशी, विदेशी शराब गांव में लायेगा तो ग्राम सभा पेसा एक्ट समिति द्वारा वाहन के पहियों की हवा निकालकर चाबी छुड़ाकर वाहन को जब्त कर पुलिस थाना के हवाले कर दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति गांव में नशीला पदार्थ जैसे कि शराब, गांजा, अफीम भांग आदि का विक्राय करते पाए जाने पर बेचने वाले व्यक्ति को आर्थिक दण्ड राशि 10 हजार रूपए से दण्डित किया जाएगा और पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर गांव के अंदर रोड में घूम घूम कर गाली गलौज करते हैं तो उस व्यक्ति को समिति की महिलाएं 5-5 चप्पल मारेंगी, 5 हजार रूपए का जुर्माना वसूला जाएगा।



# राजीव गांधी वार्ड में नपा ने हटाया अतिक्रमण

### अतिक्रमण के चलते नाली हो गई थी जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका ने राजीव गांधी वार्ड के सोनोली खाटू श्याम मंदिर मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की बड़ी कार्रवाई की है। पार्षद के अनुसार सोनोली मार्ग पर अतिक्रमण के चलते नाली बंद हो गई थी जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था। गंदे पानी की इस समस्या से निजात मिल सके इसके लिए मुख्य मार्ग के बाजू में किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाने कार्रवाई की गई है। नाली बंद होने के कारण घरों के सामने घरों का गंदा पानी सड़क पर जगह-जगह पर जमा हो रहा था। जिसकी लगातार वार्डवासियों द्वारा शिकायत की जा रही थी। कई बार सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की जा चुकी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए नगर पालिका द्वारा नाली को खुलवाने के लिए लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया और नाली



खुलवाकर घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाली के माध्यम से निकलवाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में वार्ड पार्षद कुसुम मारुति पवार ने बताया कि वार्ड में सड़क पर जगह जगह गंदा पानी जमा होने की शिकायत मिल रही थी। जिसको देखते हुए नाली पर से अतिक्रमण हटवाकर नाली की सफाई करवाई जा रही है। गुरुवार नाली पर किया गया अतिक्रमण हटवाया गया है, जल्द ही नाली की सफाई कर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

## पाथाखेड़ा के वार्ड क्रमांक-14 में उपचुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 के भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित हुए पार्षद मनोज ठाकुर की सड़क दुर्घटना में 14 जुलाई को उपचार के दौरान एम्स अस्पताल में मौत हो जाने के बाद यह वार्ड खाली हो गया था इस वार्ड में 6 माह के भीतर चुनाव निर्धारित किए जाने हैं। इसको लेकर चुनावी रणनीति तैयार हो गई है। प्रशासन की तरफ से निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देश 15 दिसंबर को 10 बजे किया जाएगा जबकि स्थान सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन 15 दिसंबर को 10:30 बजे से किया जाएगा,मतदान केदो की सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को ही होना ताय किया गया है। इसके अलावा नाम निर्देश पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर तय की गई है नाम निर्देशन पत्रों का सर्वेक्षण जांच 23 दिसंबर को 10:30 बजे किया जाएगा। अभ्यर्थियों के नाम वापसी लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर को 10:30 बजे से दोपहर 3 तक निर्वाचन आयोग के माध्यम से तय की गई है।निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रशन का आवंटन 26 जनवरी को अभ्यर्थियों के नाम वापसी के ठीक बाद किया जाएगा। 5 जनवरी को सुबह 7 से लेकर 5 बजे तक मतदान किया जाएगा और 9 जनवरी को निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की जाए।

### कांग्रेस और भाजपा की तरफ से कौन हो सकता है प्रत्याशी

पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 में दिवंगत पार्षद मनोज ठाकुर की पत्नी बेबी ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रत्याशी के रूप में लड़ने चर्चा चल रही है। हालांकि अभी भाजपा की तरफ से स्पष्ट नहीं हो पाया है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तीन से चार लोगों ने वहां पर टिकट के दावेदारी तय की है। दूसरी तरफ कांग्रेस की तरफ से भी इस वार्ड कई प्रत्याशियों के नाम सामने आने की संभावना की जा रही है।

## बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड सेवा दो दिनों से ठप

**सारनी।** भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल)की ब्रॉडबैंड सेवा पिछले दो दिनों से ठप पड़ी हुई है।बीएसएनएल की सेवा ठप हो जाने के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के वह कार्य जो ऑनलाइन होते हैं वह सभी कार्य ठप हो गए हैं।बताया जाता है कि बुधवार शाम 6 बजे से बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड सेवा बंद होने की वजह से गुरुवार शाम 6 बजे तक यह सेवा शुरू नहीं हुई थी बीएसएनएल की सेवा शुरू न होने के कारण गुरुवार के दिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के वह क्षेत्र जहां ब्रॉडबैंड से सारे कार्य एवं लेनदेन होते हैं वह कार्य और लेनदेन पूर्ण रूप से ठप रहा आश्चर्य की बात यह है कि बीएसएनएल के सारनी कार्यालय में जिम्मेदार पदाधिकारी से जब चर्चा की गई तो कोई भी अधिकारी बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड सेवा क्यों बंद हुई है यहा बताने को तैयार नहीं है उनका कहना है कि बीएसएनएल के हेड क्वार्टर भोपाल में तकनीकी खराबी आने की वजह से इस तरह का माहौल उत्पन्न हुआ है और यह कब तक शुरू होगा इसको लेकर कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निजी कंपनी बीएसएनएल को क्यों पछाडते दिखाई दे रही है और यही वजह है कि निजी कंपनी के ब्रॉडबैंड सेवा क्षेत्र में लगातार बढ़ते जा रहे हैं और बीएसएनएल के ब्रॉडबैंड सेवा काम होते जा रही है।

## साहस और सूझबूझ की मिसाल हैं महिला आरक्षक उमा पटेल: सुशील जैन

### पर्यावरण संस्कृति संरक्षण व मानव कल्याण ट्रस्ट ने दिया उमा को वीरता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय 35 वर्षीय सुधा पति पप्पू राजपूत का पैर फिसल जाने के साथ डॉ. अंबेडकर एक्सप्रेस की चपेट में सुधा आ गई थी जिसे सूझबूझ और अपनी धैर्य के साथ आरपीएफ आरक्षक उमा पटेल के माध्यम से उक्त महिला को बचाकर सुरक्षित निकालकर सुजालपुर पहुंचने का कार्य किया है।

महिला आरक्षक उमा पटेल के साहस भरे कार्य के लिए पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन के माध्यम से उन्हें वीरता प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया।



इस अवसर पर आरपीएफ अनिल कुमार, सब इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, प्रधान आरक्षक सर्वेश सिंह आरपीएफ स्टेशन भोपाल पर उपस्थित रहे। सभी लोगों की उपस्थिति में आरक्षक उमा पटेल को वीरता प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया है। इस मौके पर सुशील कुमार जैन ने कहा कि हमें आरक्षक उमा पटेल की कर्तव्यनिष्ठा,दक्षता, समर्पण तत्परता पर गर्व हैं। महिला आरक्षक होने के बाद भी किसी महिला के प्रति इस तरह कार्य में समर्पण के साथ किसी की जान बचाना वाकई अपने कर्तव्य का इससे बड़ा दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता।

## इंजीनियरिंग कर्मचारी को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुलताई में पदस्थ रहे रेलवे इंजीनियर जयप्रकाश देवागंन को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय रेलवे में 100 रेलवे कर्मचारियों को दिया जाने वाला यह पुरस्कार है। पुरस्कार में सम्मानित व्यक्तियों को एक रजत पदक और मेरिट प्रमाणपत्र दिया जाता है। रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली संपूर्ण पुरस्कार प्रणाली को वर्ष 2023 से संशोधित किया गया है, जिसके अनुसार मंत्रालय स्तर पर राष्ट्रीय रेलवे पुरस्कार का नाम बदलकर 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' कर दिया गया है। वर्ष 2023 के लिए, मध्य रेलवे के 7 अधिकारियों की सेवाओं को इस सम्मान से मान्यता दी जा रही है। नागपुर मंडल से सम्मानित व्यक्तियों में से एक जयप्रकाश देवांगन, वरिष्ठ तकनीशियन (वेल्डर) हैं। ₹ऑपरेशन, सुरक्षा, संरक्षा, रखरखाव और परिसंपत्ति उपयोग में सुधार के लिए किए गए अनुकरणीय कार्य₹ की श्रेणी में श्री देवांगन के उल्लेखनीय योगदान ने उन्हें यह सम्मान दिलाया है। वर्ष 2022-23 के दौरान, मुलताई में तैनात रहते हुए, श्री देवांगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 185 वेल्डिंग किए। इनमें से 177 वेल्डिंग का अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (वरत्रऋ) टीम द्वारा कठोर परीक्षण किया गया और उन्हें असाधारण गुणवत्ता का पाया गया। विशेष रूप से, उनके काम में शून्य दोष उत्पन्न होने का प्रमाण मिला, जो उनकी क्षमता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। श्री देवांगन ने मंडल के वेल्डरों को प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे समग्र वेल्डिंग कार्य में वृद्धि हुई और दोष उत्पन्न को कम किया गया। भारी खंड स्टील संरचनाओं को जोड़ने में प्रभावशीलता के लिए जाने जाने वाली विधि, थर्मिट वेल्डिंग में उनकी विशेषज्ञता ने डिवीजन के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। थर्मिट वेल्डिंग आधुनिक रेलों में उपयोग किए जाने वाले उच्च-शक्ति, उच्च-कठोरता वाले स्टील्स के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। इस प्रक्रिया में दो रेलों के बीच एक सावधानीपूर्वक तैयार किया गया अंतराल बनाना शामिल है, उन्हें पूरी तरह से सीधा और सपाट फिनिश ज्वाइंट सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रेट एज का उपयोग करके सटीक रूप से संरेखित करना शामिल है।

## सुदिया उइके का निधन

**भौंरा।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मोहकम सिंह उइके की धर्मपत्नी श्रीमती सुदिया उइके का बुधवार की रात्रि में निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सातलदेही में गुरुवार को किया गया। वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गई है। उनके बड़े पुत्र प्रताप सिंह उइके पूर्व मंत्री रहे हैं। जबकि नाती राहुल उइके जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी का अध्यक्ष है। छोटा पुत्र दिलीप रायपुर में पदस्थ है। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# जेल में सांप निकलने से मचा हड़कंप

### सर्प मित्र ने किया सांप का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के पट्टन रोड पर स्थित जेल में अचानक से एक सांप निकलने से हड़कंप मच गया, जेल में बंद एक कैदी को सांप दिखाई दिया, जिसकी सूचना उसने अधिकारी और कर्मचारियों को दी, जिसके बाद सर्पमित्र श्रीकांत विश्वकर्मा को बुलवाया गया। सूचना पाकर सर्प मित्र मौके पर पहुंचे और उन्होंने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि सब जेल में सांप दिखाई दिया है, इसके बाद वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और



उन्होंने सांप का रेस्क्यू किया। यह सांप धामण प्रजाति का सांप था, जो कि बिना विष वाला होता है, लेकिन इसे घोड़ा पछाड़ भी कहा जाता है, इसकी फुर्ती घोड़े से भी ज्यादा होती है। सांप का रेस्क्यू करने के बाद जेल प्रशासन द्वारा सर्पमित्र का आभार व्यक्त किया गया और बताया गया कि अब उन्हें सांप के भय से मुक्ति मिल चुकी है।

## बाउंड्रीवाल निर्माण और शौचालय निर्माण के लिए दिया आवेदन

**शाहपुर।** गुरुवार को मंगल पांडे वार्ड नंबर 12 की पार्षद कविता बारस्कर स्कूल का प्राथमिक शाला आम ढाना स्कूल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने जिसमें उन्होंने बच्चों से चर्चा की। स्कूल की गतिविधियों के बारे में जाना। और मध्यान भोजन की भी जांच की। और इसी समय शाला की शिक्षिकाओं ने शाला में बाउंड्री वॉल के लिए आवेदन पार्षद महोदय के द्वारा नगर परिषद शाहपुर के नाम दिया। इसी समय उपस्थित वार्ड पार्षद कविता बारस्कर ने बताया की, वह स्कूल की समस्या को नगर परिषद शाहपुर को आज ही अवगत कराएंगी। और शीघ्र ही वार्ड में उपस्थित शाला की समस्या को दूर करने की कोशिश करेंगी।

## ऊर्जा संरक्षण दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर जेएच कॉलेज द्वारा मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के लिए प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिताओं में ऊर्जा संरक्षण से संबंधित विषयों यथा- पर्यावरण परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन एनर्जी एवं सोलर एनर्जी पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं हुई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या सोलंकी ने एवं द्वितीय एवं तृतीय स्थान योगिता गाढ़गे एवं माधुरी आर्य ने, भाषण प्रतियोगिता में दिव्या सोलंकी ने प्रथम एवं पोस्टर मेकिंग में सपना इवनाते ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ.एसडी डोंगरे ने ऊर्जा की आवश्यकता एवं संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ.कमलेश अहिरवार ने ग्रीन एनर्जी एवं सोलर एनर्जी एवं भविष्य पर अपने सारगर्भित विचार रखें। उन्होने कहा कि आने वाला समय सोलर ऊर्जा का होगा। कार्यक्रम में डॉ.बीडी नागले, डॉ.प्रतिभा चौरे, प्रोकिन वावरकर, एवं डॉ.मनोहरराव गावंडे एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

### शालेय वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# 'शिक्षा के साथ संस्कारी विद्यार्थी तैयार करना पीठ की प्राथमिकता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कम संसाधन में भी बेहतर पढ़ाई करने का कार्य आदर्श सरस्वती विद्यालय में विद्यार्थियों के माध्यम से किया जा रहा है यह बेहतर कार्य है,यह उद्बोधन पाल समाज के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमालाल पाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि कम सम साधन होने के बाद भी इस विद्यालय के बच्चे बेहतर प्रदर्शन करने का कार्य करते हैं जो अपने आप में एक उपलब्धि से काम नहीं है उन्होंने कहा कि बड़े मल्टीनेशनल स्कूलों की तर्ज पर तो नहीं लेकिन निजी क्षेत्र में आदर्श सरस्वती विद्यापीठ का नाम बेहतर तरीके से लिया जा सकता है यहां के विद्यार्थियों के माध्यम से कई महत्वपूर्ण स्थान पर मुकाम हासिल करने का कार्य किया है विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा संस्कारी बनाने का भी हर प्रयत्न किया जाता है जो अपने




आप में अनोखा पर्यटन कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष से भी बच्चों ने लगन और उत्साह पूर्वक तैयारी कर मनमोहक प्रस्तुतियां दी है, इन बच्चों को सहयोग मिले तो यह नगर,विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।स्थानीय गायत्री आदर्श गायत्री विद्यापीठ में वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमलाल पाल,अध्यक्ष पाल समाज समाज संगठन सारनी विशेष अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गीत, कविता,एकल और सामूहिक नृत्य,नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में विनीता वागद्रे, रश्मि भागवत के अलावा शिक्षण समिति के अध्यक्ष जे डी कवड़कर, सचिव किशोर सोनी,कुनबी समाज संगठन के विश्वनाथ ठाकरे, यादोराव धोटे गायत्री परिवार सारनी के प्रबंधक श्री गुलाबराव पांसे, सरस्वती स्कूल सारनी के प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर,गीतकार शिवा माथनकर समिति सदस्य महेंद्र सिक्केवाल, सुंदरलाल बत्रा, घनश्याम नरवरे,संदीप आरसे, अजय कोष्टि,विद्यालय प्राचार्य जी एस ठाकुर ,प्रधान पाठक ए एस नगदे, समस्त शालेय शिक्षक शिक्षिकाए गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

बायपास पर महिला के साथ लूट कर उसका पर्स छीनना स्वीकारा

# पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, पकडाएं लूट के आरोपी

**पुलिस का मुखबिर तंत्र मजबूत होने से लूट के आरोपी को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। दोनों आरोपी पुलिस की पूछताछ में टूट गए और लूट की घटना को करना कबूल किया। आरोपियों के पास से रूपए भी बरामद हुए है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

थाना सिवनी मालवा में 21 नवंबर को रात्रि करीब 9 बजे बायपास पर बिल्दी रोड चौराहे पर महिला के साथ लूट की घटना घटित हुई थी जिस पर थान सिवनी मालवा में अपराध क्रमांक 394/23 धारा 392 भादवि पंजीबध्द किया गया था। बायपास पर हुई लूट की घटना में शामिल आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी मालवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती के नेतृत्व में टीम द्वारा शहर के आदतन अपराधियों एवं लूट के पूर्व आरोपियों से सघन पूछताछ की गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिनके द्वारा सूचना दी कि दो व्यक्ति सरवन सिलोरिया एवं लक्की लोवंशी द्वारा एक पल्सर गाडी चोरी है एवं आजकल बहुत रुपये खर्च कर रहे हैं। दोनो संदिग्धों सरवन सिलोरिया पिता माखन सिलोरिया निवासी दुर्गा कालोनी एवं लक्की ऊर्फ यश लोवंशी पिता कमलेश लोवंशी निवासी दुर्गा कालोनी से पूछताछ की गई जिन्होने करीब 25 दिन पहले दुर्गा कालोनी से पल्सर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों से थाना सिवनी मालवा के अपराध क्रं. 690/2023 धारा 379 भादवि में चोरी गई लाल काले रंग की प्लसर मोटरसायकल क्रं. एमपी 47 एमएन 6589 को जप्त किया गया। आरोपियों से बारिकी से सघन पूछताछ की गई जिन्होने मोटर सायकल चोरी करने के उपरांत बायपास पर महिला के साथ लूट कर उसका पर्स छीनना स्वीकार किया। आरोपीगण से लूटे गये 52 हजार रुपये में से 26-26 हजार रुपये आपस में बांट लेना बताया। आरोपीगण के पास से बचे हुये 20 हजार 400 रुपये, घटना में प्रयुक्त हीरो मोटर सायकल एवं फरियादिया का पर्स एवं अन्य वस्तुएं जप्त की गई हैं। आरोपियों में सरवन सिलोरिया पिता माखन सिलोरिया उम्र 24 साल निवासी दुर्गा कालोनी सिवनी मालवा, लक्की ऊर्फ यश लोवंशी पिता कमलेश लोवंशी उम्र 19 साल निवासी दुर्गा कालोनी सिवनी मालवा है। आरोपी सरवन सिलोरिया से नगदी 8 हजार 250 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक एमपी 05 एमआर 7841 तथा आरोपी लक्की ऊर्फ यश लोवंशी से नगदी 12 हजार 150 रुपये, फरियादिया का पर्स से जप्त किया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सज्जन सिंह मुकाती, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, उप निरीक्षक नरेन्द्र लिल्होरे, आरक्षक 973 ललित हर्णे, आरक्षक 55 अशोक मीना, आरक्षक 334 अतुल, आरक्षक 214 जितेन्द्र कुचबंदिया, आरक्षक 721 राजकुमार, आरक्षक 54 संदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एड्स जागरूकता पखवाड़ा और एड्स बचाव कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रेड रिबन क्लब द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत एड्स जागरूकता एवं बचाव की कार्यशाला काआयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा से पधारे डॉक्टर ऋषि चौबे ने एड्स जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए छात्रों को बताया कैसे एड्स फैलता है। उसके प्रमुख चार कारण बताएं असुरक्षित यौन संबंध गर्भावस्था के दौरान सेविंग करते समय नई सीरीज का प्रयोग किया जाना चाहिए आदि पर विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बताया गया महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉक्टर मोहन सिंह गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज विद्यार्थियों को एड्स संबंधि जानकारी प्रदान की गई तथा इस एड्स जागरूकता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत की शुरुआत प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी द्वारा एड्स जागरूकता पर सजग और सचेत रहने की आवश्यकता प्राचार्य द्वारा बताई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक ऐसी बिमारी है जिससे थोड़ी सी जागरूकता से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ कल्पना स्थापक, प्रो एससी अग्रवाल, प्रो. एसके अग्रवाल, डॉ एके यादव, डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार, डॉ अनुराग पथक, विजयश्री मालवीय, कमल सिंह अहिरवार, प्रेम नारायण परते, रमाकांत सिंह, डॉ अतुल गौर, सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, डॉ रश्मि सोनी, नवनीत सोनारे, गीता डोंगरे, कैलाश गड़वाल, डॉ प्राची सिंह, रोहित मालवीय तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वनवासी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ की बैठक आज

**माखननगर।** अयोध्या में श्रीं राम लला जी की प्राणप्रथिष्ठा 22 जनवरी को तय की गई है। इसी कार्यक्रम के निमित्त माखननगर में भी अयोध्या से अक्षत कलश आये है जिनको घर घर तक पहुँचाने के लिए वनवासी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला नर्मदापुरम की जिला बैठक माखन नगर मे शुक्रवार दोपहर 1: बजे से बाबा मैरिज गार्डन मैं रखी गई है। बनवासी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण लोबे महामंत्री सत्यम धुर्वे ने बताया बैठक में जिले के सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता,पदाधिकारी एवम सभी ब्लाकों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद प्रांतसह मंत्री गोपाल सोनी जितेंद्र गुर्जर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अभा वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ भोपाल एवं जिले के संघ के पदाधिकारी बैठक में रहेंगे।

# युवा को मंडल अध्यक्ष की जवाबदारी मिलने पर संगठन को मिलेगा संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



विधान सभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद संगठन में फेर बदल की संभावनाएं पहले ही प्रबल थी । 3 दिसंबर को विधान सभा के परिणाम के बाद भारतीय जनता पार्टी लोक सभा की तैयारियों में जुट गई है । उनकी तैयारियों की शुरुवात विधान सभा चुनावों के परिणाम के बाद हुए युवा मोर्चा मंडल शोभापुर के अध्यक्ष की ताज पोशी से हुई । गुर्जर समाज से संबंध रखने वाले घन श्याम पटेल को चुनाव के बाद युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के पद से बेदखल करते हुए पार्टी ने सुदीप (रासु )दुबे को युवा मोर्चा का नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष घोषित करते हुए साफ संकेत दिए हैं कि पार्टी को अपना सर्वश्रेष्ठ ना देने पर आपको कुछ जहां गवाना पड़ेगा तो वहीं पार्टी के साथ अथक मेहनत करने वालों को भारतीय जनता पार्टी ताजपोशी कर सम्मान भी देगी । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संगठन के विश्वास पर खरे नहीं उतरे जिसके तहत उन्हें अपने पद के दायित्व को खोने का खामियाजा भुगतना पड़ा । बात करते हैं सुदीप दुबे (रासु ) की जो कि पार्टी की वर्षों से निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं उन्होंने कभी पद की लालसा नहीं रखी हैं तो वहीं उनका युवाओं के साथ शोभापुर क्षेत्र में अच्छा खासा नेटवर्क भी हैं जिसका फायदा वह पार्टी को दिलाते आए हैं । श्री दुबे एक बेदाग छवि के धनी माने जाते हैं जिन्हे जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक मालहा और मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष ललित पटेल की अनुशंसा पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के पद से सुशोभित किया है । ध्यान देने वाली बात है कि चुनावी मैदान में जब क्षेत्र में गुर्जर बाहुल्य विधान सभा से पुष्पराज सिंह पटेल को टिकट मिलने के बाद भाजपा के अधिकांश गुर्जर पदाधिकारियों द्वारा सरेंडर करने के बाद ललित पटेल मंडल अध्यक्ष ने संगठनात्मक रूप से उक्त पदाधिकारियों का लेखा जोखा शीर्ष नेतृत्व को पहुंचाने के बाद मंडल अध्यक्ष के पद सहित अन्य पदों पर फेरबदल से शोभापुर मंडल में राजनैतिक गतिविधियों का सिलसिला शुरू हुआ है । देखना दिलचस्प होगा कि आगे किस किस पर संगठन की गाज गिरती है । श्री दुबे की नियुक्ति पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के साथ जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक माल्हा, मंडल अध्यक्ष ललित पटेल , मंडल महमंत्री शरद दुबे इत्यादि का आभार माना है तो उनके अपने समर्थक उन्हे बधाइयां दे रही है।

# कचरा आटो हर गली में पहुंचे, नंबर जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद में स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव ने गुरुवार सुबह नगरपालिका गैरेज पहुंच कर कचरा आटो चालकों से चर्चा कर कहा कि किसी भी नागरिक की शिकायत नहीं आनी चाहिए, हर गली हर घर से कचरा कलेक्शन जरूर करें।

शिकायत आने पर कार्यवाही की जाएगी। जाधव ने कहा बाजार क्षेत्र में शाम को कचरा गाड़ी क्यों बंद की है, इसे कल से पुनः चालू करें। कचरा गाड़ी नहीं जाने से दुकानदार कचरा रोड़ नालियों में डाल रहे हैं। शहर को साफ रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

### इन हेल्पलाइन नंबर पर करें संपर्क

स्वदेश महोविया 9098358544, मोहन कंडारे 7000815890, कमलकांत बडग़ोती 8085841764

## मांगलिक कार्यक्रमों पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देवउठनी एकादशी 23 नवंबर से आरम्भ हुए विवाह समारोह फिर एक माह के लिए रुक जाएंगे। 16 दिसम्बर से खरमास लगने के चलते एक माह तक विवाह नहीं होंगे। इस वर्ष दिसम्बर के महीने में विवाह के अंतिम दिन ही बचा हैं। इसे देखते हुए मैरिज गार्डन, होटलों में जमकर बुकिंग की गई है। आचार्य सोमेश परसाई के अनुसार 15 दिसम्बर को सूर्यदेव धनु राशि में संचरण करेंगे। इसके चलते मलमास लग जाएगा। साथ ही गुरु व शुक्र ग्रह भी अस्त होने जा रहे हैं। इनके चलते 16 दिसम्बर से विवाह, मुंडन व उपनयन संस्कार पर एक माह के लिए विराम लग जाएगा। दिसम्बर के प्रारंभिक सप्ताह में 5 दिसम्बर से लगातार मुहूर्त थे। वर्ष का अंतिम विवाह मुहूर्त 15 दिसंबर को है। 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक धनु के सूर्य में होने से खरमास रहेगा। इस अवधि में विवाह कार्य नहीं होंगे। इसके बाद 17 जनवरी को पुनः मांगलिक कार्य आरंभ होगे।

# कुसुम महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के रघुवंशी तथा नोडल अधिकारी डॉ. ए के यादव के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गठित समिति सदस्यों द्वारा दिनाँक 14 दिसंबर 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बघवाड़ा में प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सहायक प्रध्यापक श्री कमल अहिरवार ने कुसुम महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जिसमे जिम, खेल सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क क्लासेस, इग्नू एवं भोज सेंटर, इनक्यूबेशन सेंटर, एनसीसी, एनएसएस, स्मार्ट क्लास, ई लाइब्रेरी, गर्ल्स कॉमन रूम, से संबंधित जानकारी दी । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ अतुल गौर, समिति सदस्य, विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत में निःशुल्क नेत्र शिविर का कल होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के सरपंच सुलभ गोदानी के द्वारा तथा गोदानी फ्रेंड्स क्लब एवं परिवार एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा 16 दिसंबर शनिवार को दोपहर 10 बजे से 2 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप पांडे ने बताया कि भोपाल के नेत्र चिकित्सालय के द्वारा लगभग पांच डॉक्टर एवं सिविल अस्पताल के सहायक नेत्र चिकित्सा श्याम सोडानी के द्वारा मरीजों की जांच की जावेगी। उसके पश्चात मोतिया बिंद के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा तथा उन्हें अस्पताल के वहां से नेत्र चिकित्सालय भेजा जावेगा वहां पर रहने खाने के साथ-साथ काला चश्मा दवाई आदि भी निशुल्क प्रदान की जावेगी। का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मरीज को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है जिससे कि लोग निशुल्क अपने नेत्र की जांच कर सके तथा लाभ उठा सकें।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि नामांतरण के मामले में दर्ज एफआईआर पर आज तक नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिंगानामा के ग्राम घाना में आदिवासी की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण कराए जाने के मामले में स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जिसे लगभग 6 माह से ऊपर हो चुके हैं लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिसमें नायब तहसीलदार तीरथ लाल इरपांची के द्वारा अपराध दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता भूमि स्वामी सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह निवासी ग्राम डोब तहसील बाबई की ग्राम की भूमि ग्राम घाना तहसील पिपरिया में है जिसकी भूमि अलग-अलग मिलकर तात्कालिक नायक तहसीलदार के द्वारा 5 जनवरी 2022 के अनुसार अवैध रूप से नामांतरण की गई है। शिकायत के बाद प्राथमिक की दर्ज करने के निर्देश अनु विभाग की अधिकारी संतोष तिवारी के द्वारा नाथ तहसीलदार को दिए गए जिसमें जांच में गोरी बाई पति विजय बारिया बड़ी पुत्री विजय सिंह सुखवाती पत्नी मंशु भारती प्रीत-पिता विजय बारिया शगुन पिता आसाराम भारती युक्त सभी आरोपियों ने भूमि पर अवैध रूप से नामांतरण करवाया यह जांच में सिद्ध हुआ है। जिसमें पटवारी सचिव सरपंच ग्राम कोटवार के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में प्रवीण कुमार मेहरा तात्कालिक हल्का पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव अरविंद पाराशर प्रदीप मेहरा ग्राम कोटवार गोकल प्रसाद सरपंच ग्राम पंचायत सिंगा नामा सभी चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है प्रतिवेदन एवं स्थल पंचनामा अनुसार सही मृतक की जानकारी एवं उनके के नाम के तत्थ को इन लोगों के द्वारा छुपाया गया है इन सभी के खिलाफ धारा 420 धारा 467 68 471 120 आईपीसी का अपराध दर्ज किया है पुलिस जांच में और भी खुला से होने की संभावना है लेकिन आज दिनांक तक अनपढ़ गरीब आदिवासी महिला एवं अन्य फर्जी दस्तावेज कैसे तैयार कर जिंदा व्यक्ति को मृत बात कर जमीन का नामांतरण करने वाले इन आरोपियों को आज दिनांक तक पुलिस के द्वारा गिरफ्तार नहीं किया गया है। जबकि ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा अपने ही ग्राम में जाकर किसानी करना एक चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि ग्राम पंचायत सचिव का दूसरा भाई राजेंद्र पाराशर उसी ग्राम में सचिव का कार्य कर रहा है। जनपद पंचायत से पीएन साहू पंचायत समन्वयक अधिकारी ने बताया कि सचिव अरविंद पाराशर के खिलाफ जनपद पंचायत के द्वारा नोटिस जारी किया गया है क्योंकि वह बगैर आवेदन के ग्राम पंचायत से लापता है इसके लिए जनपद के द्वारा सचिव के खिलाफ नोटिस जारी किया गया,लेकिन रिसीव नहीं किया है।

# सार्वजनिक शौचालयों की ग्रेडिंग के लिए स्वसहायता समूह के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा शासन के निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 क्लीन टॉयलेट अभियान अंतर्गत निकायों में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की ग्रेडिंग स्वसहायता समूह के माध्यम से कराए जाने हेतु दिनांक 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें डे एन यू एल एम की महिलाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया एवं सार्वजनिक शौचालय में किस प्रकार से ग्रेडिंग करनी है उसके बारे में जानकारियां दी गई। जिसमें मुख्य लिपिक संजय गोयल, उपयंत्री राहुल शर्मा, चंद्रकांत कवर, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, सचिन मलैया,शीला द्यान्यासे,अनूप पवार, सैयद मुशाहिद, योगिता कुशवाह, वंदना लोवंशी, किरण रघुवंशी के साथ-साथ स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार शहर के सार्वजनिक शौचालय में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छ भारत मिशन की गाइडलाइन अनुसार व्यवस्थाएं हो सके इसके लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं को इसमें जोड़कर गतिविधियां करवाने का कार्य किया जा रहा है।

नर्मदापुरम के जर्नलिस्ट आशीष मालवीय को प्रेमशंकर दुबे स्मृति सम्मान, कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सीतासरन शर्मा

# पत्रकारिता लोकतंत्र को जिंदा रखती है, दिशा भटके तो मार भी देती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पत्रकारिता सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह से की जाती है, नकारात्मक पत्रकारिता से कुछ लाभ है तो कुछ नुकसान भी हैं। इसकी एक सीमा होना चाहिए। इन चुनावों में मैंने नकारात्मक पत्रकारिता का एक रूप देखा है, पत्रकारिता की ऐसी उम्मीद कभी नहीं की थी। लेकिन, जनता ने इसे समझा और उसे नजरअंदाज करके मुझे जीत का आशीर्वाद दिया।

यह बात गुरुवार को प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में राष्ट्रीय नर्मदापुरम पत्रकार संघ द्वारा प्रेमशंकर दुबे की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कही। विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैंने श्री प्रेमशंकर दुबे जी के साथ काम किया है, उनके काम के तरीके को नजदीक से देखा है, उनके काम, बेवाकता को देखा। उनकी भाषा में क्रोध नहीं रोष होता था, जिसमें भी सीख होती थी। आज के पत्रकारों को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र को जिंदा भी रखती है और यदि दिशा भटके तो उसे मार भी सकती है। उन्होंने दादा प्रेमशंकर दुबे के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वागत उद्बोधन नर्मदापुरम पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे ने दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। इससे पूर्व अतिथियों ने दादा प्रेमशंकर दुबे के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र सोनी, शिव भारद्वाज, साहित्कार विनोद कुशवाह, सतीश अग्रवाल सांवरिया, श्रीमती राधा मैना, रमेश के साहू, कृष्णा राजपूत, बसंत चौहान, अरविंद शर्मा, राजकुमार बावरिया, राहुल शरण, दिलीप शर्मा, खेमराज परिहार, कन्हैया गोस्वामी, बलराम मिश्रा, दिव्यांशु जायसवाल, राजेश चौहान, संजय यादव आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि मीडिया की समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

आपके माध्यम से ही हमें समस्याओं और कमियों का पता चलता है और हम उसमें सुधार का काम करते हैं, कठिन परिस्थितियों में भी आप पत्रकारिता के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। संचालन कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र विश्वकर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन संघ के कोषाध्यक्ष राजेश दुबे ने किया।

### आशीष मालवीय का सम्मान

इस वर्ष का श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार नर्मदा पुरम के टीवी जर्नलिस्ट आशीष मालवीय को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने आशीष मालवीय को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र भेंट करके सम्मानित किया। सन् 2002 से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आशीष मालवीय ने पत्रकारिता प्रारंभ की एवं देश तथा राज्य के कई न्यूज चैनलों में कार्य किया। वर्तमान में एबीपी न्यूज के नर्मदा पुरम ब्यूरो का दायित्व देख रहे हैं। आशीष मालवीय जिला स्तरीय अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार हं एवं कोरोना कार्यकाल में आपकी रिपोर्टिंग से प्रभावित होकर प्रसार भारती ने राष्ट्रीय स्तर पर आपको सम्मानित किया था।

### विधायक डॉ. शर्मा का सम्मान

नर्मदांपुरम पत्रकार संघ की ओर से छटवी बार विधायक बनने और दूसरी हैट्रिक लगाने पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा का भी इसी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने डॉ. शर्मा को शॉल-श्रीफल भेंट करके उनका सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### बस की टक्कर से अधीक्षिका घायल

**हरदा।** शहर के बायपास रोड पर गुरुवार सुबह हॉस्टल वार्डन को बस ने टक्कर मार दी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती कराया गया है। टिमरनी की रहने वाली अनीता धुर्वे जो कि खिरकिया के सीनियर एससी एसटी गर्ल्स छात्रावास में अधीक्षिका के पद पर कार्यरत है। गुरुवार को जिला मुख्यालय पर आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा 16 दिसंबर से शुरू होने जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर होने वाली मीटिंग में शामिल होने बस से हरदा आई थी। खंडवा बायपास रोड पर वह खिरकिया से जिस बस से हरदा आई थी। बस से उतरने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ा दी, जिससे वह घायल हो गई। सड़क पर खड़े लोगों ने बस चालक को बस आगे बढ़ाने से रोकने आवाज लगाई, जिससे कि बड़ा हादसा टल गया। घटना में अधीक्षिका धूर्वे के बाएं पैर में चोट आई है। लोगों ने जिला अस्पताल भिजवाया। पैर में करीब 20 से अधिक टांके आए हैं। पुलिस ने बस को थाने लाकर खड़ा किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन कल होगा रवाना

**हरदा।** जनकल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा जाएगी। हरदा में इस यात्रा के लिए आए प्रचार वाहन 16 दिसंबर को कलेक्ट्रेट से रवाना किए जाएंगे। कार्यक्रम में संकल्प यात्रा के लिए भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी ऋचा शर्मा, संचालक श्रम मंत्रालय भारत सरकार भी मौजूद रहेंगी। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया को निर्देश दिए हैं कि इस यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

### संकल्प यात्रा के दौरान उज्जवला गैस कनेक्शन जारी किए जाएंगे

**हरदा।** जिले में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जाएगी। यात्रा के दौरान उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए नागरिकों से आवेदन लेकर पात्रता प्राप्त हितग्राहियों को कनेक्शन जारी किए जाएंगे। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी वासुदेव भदोरिया ने बताया कि उज्जवला योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की गृहस्थी या प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का हितग्राही होना आवश्यक है। इसके अलावा अंत्योदय अन्न योजना का लाभार्थी या वनवासी या अति पिछड़ा वर्ग का परिवार भी इस योजना का लाभ ले सकता है।

### ऊर्जा की बचत व संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता होगी

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के तत्वावधान में 14 से 21 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह की अवधि में ऊर्जा बचत के उपाय एवं संरक्षण तथा सौर ऊर्जा को डिस्प्ले करता चित्र की थीम पर स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महाप्रबंधक मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि यह चित्रकला प्रतियोगिता 20 दिसंबर को 2 से 5 बजे तक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में कक्षा 10 वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में विजेता अभ्यर्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### पंच व सरपंच के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी

**खंडवा।** जिले की जनपद पंचायतों में 30 नवंबर 2023 तक की स्थिति में आकस्मिक रूप से रिक्त पंच एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन-2023 (उत्तरार्द्ध) संपन्न कराने के लिए मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल ने उप निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के अनुसार आदर्श आचरण संहिता 6 दिसंबर से निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक प्रभावशील रहेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंच एवं सरपंच के नामनिर्देशन पत्र 15 से 22 दिसंबर तक 10:30 से 3 बजे तक जनपद पंयायतों में प्राप्त किए जाएंगे।

## बैलगाड़ी से प्रसूता को अस्पताल लाने का मामला

# एसडीओ ने शासकीय अस्पताल हेलापड़ावा में की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सरकार द्वारा आदिवासी अंचलों में महिलाओं को प्रसूति के लिए शासकीय अस्पताल तक ले जाने के लिए वाहन सुविधाएं उपलब्ध है। लेकिन पीड़ित महिला रविता पिता बलराम (चौपाली) को समय पर वाहन नहीं मिलने और उसे बैलगाड़ी से शासकीय अस्पताल हेलापड़ावा ले जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। फलस्वरूप वरिष्ठ अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। घटनाक्रम के अनुसार उक्त महिला को बुधवार अपराह्न 2 बजे से प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। लेकिन एंबुलेंस के लिए करीब 4 बजे फोन लगाने पर हेलापड़वा एव झिरन्या में एंबुलेंस नहीं होने और आधे घंटे बाद फिर फोन लगाने की जानकारी दी गई। उसके पति ने बताया कि दोबारा फोन लगाने पर भीकनगांव से वाहन भेजने की बात कही गई थी। लेकिन जब तक मैं बैलगाड़ी से अपनी पत्नी को लेकर शाम करीब 6 बजे अस्पताल पहुंच गया था। महिला ने अस्पताल में शाम 6.30 बजे एक बालिका को जन्म दिया है। वाहन उपलब्ध होने पर उन्हें रात्रि 7:45 बजे





शा.सामु.स्वा.केंद्र झिरन्या भेजा गया है।

### सीएमएचओ पहुंचे चौपाली

सीएमएचओ डॉ मोहन सिसोदिया गुरुवार को प्रसूता के गांव चौपाली पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हेलापड़ावा से प्रसूता का घर करीब 6 किमी है और बमुश्किल एक डेढ़ किमी पहुंच विहीन पहाड़ी वन क्षेत्र में है। वहां तक एंबुलेंस नहीं जाने से लोग बैलगाड़ी से ही प्रसुताओं को मुख्य गांव तक लाते हैं। हम ऐसी व्यवस्था करेंगे कि लोगों को वाहन के लिए अधिक दूर नहीं जाना पड़े। वहां नेटवर्क भी मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां वाहन नहीं होने से भीकनगांव से बुलाया गया था। प्रस्तुति के बाद नवजात बालिका का वजन कम होने से उसे झिरन्या अस्पताल में भर्ती किया गया है और जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

इसके पूर्व गुरुवार को पूर्वान्ह एसडीओ राजस्व भीकनगांव बीएस कनेश भी हेलापड़ावा पहुंचे थे। उन्होंने वहां पदस्थ डॉ. शुभम बाला और महिला स्वास्थ्य कर्मियों से घटनाक्रम की जानकारी ली चर्चा की। उन्होंने प्रसूता महिलाओं को समय पर वाहन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

**इनका कहना है...**

यहां तीन एंबुलेंस 108 और 2 बीएलएस वाहन पुलिस थाना, अस्पताल परिसर और दामखेड़ा फाटे पर खड़ी रहती है। उक्त मामले में संबंधित से आवश्यक रिकॉर्ड मांगा गया है।

**डॉ. सुनील चौहान,** बीएमओ, झिरन्या।

## बड़वाह की तीन फैक्ट्रियों में चोरी ड्राज से 4 लाख रुपए चुरा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले में बड़वाह नगर के इंदौर रोड स्थित इंडस्ट्रियल क्षेत्र में तीन स्थानों से चोरो ने 4.15 लाख चुरा लिए। वहीं एक फैक्ट्री में चोरी का असफल प्रयास किया। अलसुबह हुई इस वारदात के बाद एडिशनल एसपी सहित एसडीओपी और दो थानों की पुलिस जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह काटकूट फाटा स्थित औद्योगिक क्षेत्र की तीन फैक्ट्री नैवेद्य पशु आहार, प्रकाश बॉटल और मां नर्मदा आइल मिल के ऑफिस में लाखों रुपए की चोरी हो गई। चोरों ने चोरबावड़ी और बाग फल के पास नैवेद्य पशु आहार के ऑफिस में घुसकर दो ऑफिस के दराज में रखे करीब 3.25 लाख चुरा लिए। इस दौरान फैक्ट्री में मौजूद चौकीदारों को भनक भी नही लगी।

संचालक संजय गुप्ता ने बताया कि चोर ऑफिस के पीछे करीब 6 फीट की दीवार के ऊपर तार काटकर अंदर घुसे। चोरों ने काटकूट फाटे के समीप इंडस्ट्रियल एरिया में प्रकाश बॉटल और मां नर्मदा आइल मिल के ऑफिस में वारदात की। दोनों पास पास ही है। मां नर्मदा आईल मिल के संचालक राजेश मित्तल ने बताया कि चोरों ने रात में फैक्ट्री कार्यालय का लॉक तोड़कर



अलमारी, ड्राज में श्रमिकों को भुगतान के लिए रखे 90 हजार रुपए चुरा लिए। चौकीदार जब सुबह 5.30 बजे कार्यालय में आया तो वारदात के बारे में पता चला। वहीं आइल मिल के पास प्रकाश बॉटल के कार्यालय में भी चोरों ने कार्यालय का लॉक तोड़कर करीब 15 हजार रुपए अलमारी से चुरा लिए। इसके साथ ही काटकूट फाटे पर विनर काटन में भी चोरी का प्रयास हुआ। यहां बाउंड्रीवॉल पर चोरों ने सीढ़ी लगाकर घुसने का प्रयास किया। लेकिन कुत्तों के भौंकने पर वे वापस भाग गए। इसके बाद गुरुवार सुबह घटनास्थल पर एडिशनल एसपी मनोहर सिंह, एसडीओपी अर्चना रावत, सनावद टीआई इंद्रेश त्रिपाठी, मंडलेश्वर टीआई दीपक यादव, बड़वाह एसआई पूजा सोलंकी सहित दोनों थानों के पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर जांच शुरू की। मामले में एडिशनल एसपी ने बताया कि यह किसी बाहर के गिरोह का काम है लग रहा है, जिन्होंने सुनियोजित तरीके से इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्टरी को निशाना बनाया।

### नगरीय क्षेत्रों में आज से चलेगा विशेष जांच अभियान

## खुले में मांस और मछली के विक्रय पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके संबंध में 15 दिसम्बर से सभी नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में सामान्यतः किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहड़ी आदि लगाने के लिये नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुज्ञा/अनुमति/अनापत्ति प्रदान की जाती हैं। विशेष रूप से किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली के विक्रय के लिये नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधान लागू होते हैं। इसके अंतर्गत जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांस एवं मछली के विक्रय के संबंध में अतिरिक्त शर्तें लगाई जाती हैं।

इस अधिनियम के अंतर्गत मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच/दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। अभियान 15 से प्रारंभ होकर 31 दिसम्बर तक निरंतर चलाया जाएगा।



## मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में की मॉक ड्रिल उपकरणों की क्रियाशीलता को परखा

**खंडवा।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता को ध्यान रखते हुए गुरुवार को मॉक ड्रिल मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खंडवा में की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्टॉफ द्वारा आईसीयू में भर्ती कर उपचार संबंधित सफल मॉक ड्रिल की गई। इसमें स्वास्थ्य संबंधित सभी उपकरणों की क्रियाशीलता को परखा गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अनंत पंवार, सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिंह, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. योगेश शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज जैन, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल.कलमे एवं चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद थे।

## पूजा-अर्चना के साथ गांगलेश्वर मेला का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

कसरावद में गांगलेश्वर भगवान के नाम से विख्यात नगर के ऐतिहासिक प्रति वर्ष 14 दिसंबर से 14 जनवरी मकर संक्रांति तक लगने वाले गांगलेश्वर मेले का गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आगाज हो गया। एक माह तक चलने वाले इस मेले में हर दिन आसपास के गांवों से मेल देखने आने वाले ग्रामीणों के साथ नगर के लोगों की धूम रहेगी। मेले को लेकर दूर-दराज के दुकानदारों और झूला संचालकों ने डेरा जमाना शुरू कर दिया है।

नगर परिषद के सीएमओ कमलेश गोले ने बताया कि श्री गांगलेश्वर महादेव मेले का 60 वा आयोजन का शुभारंभ किया गया। पूजन अभिषेक के साथ भूमि पूजन किया गया, गोले ने कहा कि मेले मे सर्कस एवं बच्चे के लिये आकर्षक



झूले व खिलौनों की विशेष दुकाने तथा महिलाओं के लिये विशेष सौंदर्य प्रसाधनों एवं घरेलु सामान के उपयोग की दुकानों का समावेश रहेगा,पूजा अर्चना नगर परिषद अध्यक्ष विमल राजेंद्रसिंह यादव, एवं मेला प्रभारी पार्षद रेनू सईद हैडली व श्रीमती कविता परमानंद खेड़े, नगर परिषद उपाध्यक्ष रचना पप्पू सोनी द्वारा की गई।इस दौरान लोकनिर्माण सभापति पार्षद शकीला रहिश कुरैशी, पार्षद डा. शिरीष जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि रहीश कुरैशी, पप्पु सोनी, सईद हैडली,परमानंद खेड़े, शुभम कुशवाह,इम्तियाज पटेल, व मेले के व्यापारीगण एंव नगर परिषद कर्मचारी नीरज यादव राहुल निगवाला, विजय यादव, आरिफ खान,मुज्जफर खान, हरिराम चौहान, साबिर खान, संदीप पाटीदार,अमन कुशवाह, गौरीशंकर कर्मा मौजूद रहे।

## राम कथा में कथा वाचक ने कहा आदर्श जीवन की मनुसंहिता है रामचरितमानस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

रामचरितमानस केवल एक धर्मग्रंथ नहीं बल्कि आदर्श जीवन की मनुसंहिता है। रामचरितमानस का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव है। उनके जीवन सूत्र को हम अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा।

उक्त बात कसरावद में चल रही नो दिनी रामकथा में कथा वाचक मदन मोहन महाराज ने श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा समिति द्वारा आयोजित नगर के विश्वास जिनिग परिसर में चल रही नो दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से कही। महाराजश्री ने कहा की एक आदर्श परिवार की परिकल्पना कैसी हो उसका सबसे




सुंदर वर्णन रामचरितमानस में दिखाया गया है। परिवार के हर रिश्ते का भाई के प्रति भाई का हो या पिता के प्रति पुत्र का हो, हर एक का एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव अकल्पनीय है। यही आदर्श परिवार की परिभाषा है। इसलिए रामचरिमानस को हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए आ रहे हैं।

### कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित

**हरदा।** संकल्प यात्रा जिले में ग्राम अबगांव कला व महेन्द्रगांव से 16 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। संकल्प यात्रा के दौरान भारत सरकार की योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी व उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। गुरूवार को जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों से योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन किया जाएगा। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जन-कल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये भारत सरकार द्वारा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा जाएगी। प्रदेश के नये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से यात्रा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल करने के लिये कहा।

इस दौरान हरदा कलेक्ट्रेट के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर ऋषि गर्ग, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में भारत सरकार की योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए व उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होने वीडियो कान्फ्रेंस में सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से हों, यह सुनिश्चित किया जाए।

### खुले बोरवेल पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध होगी दंडात्मक कार्यवाही, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषि गर्ग ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार सभी भूमि स्वामियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने स्वामित्व के खुले बोरवेल को सुरक्षित ढंग से बंद कर दें, तथा मुंडेर रहित कुओं के आसपास सुरक्षित मुंडेर निर्मित करा दें, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका ना रहे। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि सभी भूमि स्वामियों को बोरवेल को सुरक्षित तरीके से ढकने तथा कुओं के आसपास मुंडेर निर्मित कराने की कार्यवाही अगले 72 घंटों में करनी होगी। जबकि शासकीय एजेंसी या निकाय को यह कार्यवाही अगले 48 घंटे में करनी होगी। सभी बोरवेल खनन कर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि बोर करने के तुरंत बाद उसे सुरक्षित तरीके से बंद किया जाए, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका ना रहे। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड विधान की धारा 188 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। कलेक्टर श्री गर्ग ने बताया कि जिले में खुले बोरवेल के मामले में यदि कोई दुर्घटना होती है तो भूमि स्वामी, खनन कर्ता व संबंधित एजेन्सी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### एसपी कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे, कहा कार्रवाई नहीं तो करेंगे घेराव

# पुलिस पर मारपीट कर झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बिस्टान थाने पर 11 दिसंबर को हुई जुआ एक्ट की कार्रवाई में गुरुवार को नया



मोड़ आ गया है। मामले में जयस संगठन व समाजजन ने पुलिस पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के साथ ही बर्बरता पूर्वक मारपीट का आरोप लगाया है। एसपी के नाम सौंपे शिकायती आवेदन में बिस्टान थाना प्रभारी पर निलंबन के कार्रवाई की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि एक आरोपी को सीने में



दर्द होने उपचार के लिए इंदौर भी रेफर किया है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन के जरिए यह चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होती तो थाने का घेराव करेंगे।

एसपी ऑफिस पहुंचे पुरेसिंह ने आरोप लगाते हुए कहा- वह दामखेड़ा का निवासी होकर 11 दिसंबर की रात करीब 9 से 10 के बीच खेत में जा रहा था। इसी दौरान थाना प्रभारी अनिल बामनिया सहित 8 से 10 पुलिसकर्मी अचानक झाडिय़ों से निकले और पकड़ लिया। जुआरी बताते हुए मारपीट की। जेब से 16 हजार रुपए छिन लिए। रास्ते में मंदिर के पास खेत में जा रहे राजाराम पंवार को पकड़ा। मारपीट कर उसके जेब से भी 4 हजार रुपए निकाले। इसके बाद लक्ष्मण सुंदरसिंह को पकड़ा, मारपीट करते हुए थाने ले आए। मारपीट में लक्ष्मण को सीने में गहरी चोंट आई है। जिससे उसे जिला अस्पताल में उपचार के बाद इंदौर रेफर किया है। शिकायतकर्ताओं ने एसपी से थाना प्रभारी सहित सहकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

उधर, बिस्टान थाना प्रभारी अनिल बामनिया का कहना है कि जुआ खेलते पकड़ा गया था। प्रकरण दर्ज किया है। लक्ष्मण पहले से ही टीबी का मरीज था। किसी के साथ मारपीट नहीं की गई है। आरोप निराधार है। उल्लेखनीय है कि बिस्टान थाने पर आरोपियों के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।



## मोहन यादव के सीएम बनने पर यादव युवा महासभा ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भोलेनाथ के दिन बाबा महाकाल के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश को नए मुख्यमंत्री के रूप में उज्जैन दक्षिण के विधायक शिक्षा मंत्री डॉक्टर मोहन यादव को विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री बनाया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर प्रदेश में उत्साह की लहर है। जिला मुख्यालय खंडवा में भी उनके सीएम बनने को लेकर उत्साह है। यादव खंडवा लोकसभा चुनाव में प्रभारी भी रह चुके हैं और जिस स्थान पर विधानसभा चुनाव के अभी काउंटिंग की गई वह स्वर्गीय हुकुमचंद यादव आदर्श महाविद्यालय भी उनकी देन है, घोषणा होने के साथ ही यादव युवा महासभा द्वारा डॉ मोहन यादव को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर नगर निगम पर आतिश बाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साह मनाया।